एम्बुलेंस से अवैध शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार

45 पेटी शराब सहित वाहन जब्त

नरसिंहपुर, देशबन्धु। विगत दिवस एम्बुलेंस में अवैध शराब ढोई जाने का माला सामने आया है। करेली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं एक आरोपी मौके से भाग गया।

45 पेटी अवैध देशी शराब व वाहन जब्त किया है। यहां बता दें जिले में निजी एम्बुलेंस के संचालन को लेकर भी कई बार समस्याएं सामने आती रही हैं। जांच की बात तो होती है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से ऐसा उपयोग भी हो रहा है।

पुलिस अधीक्षक मृगाखी के नेतृत्व में थाना करेली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई की है। बुधवार की रात को मुखबिर की सूचना पर एम्बुलेंस क्रमांक एमपी-20-डीए-0531 को ग्राम करपगांव में

बस स्टैंड तिराहा पर रोका गया। जिसमें आरोपी विजय पिता नरेन्द्र श्रीवास 40 वर्ष निवासी बरगी कॉलोनी, एवं बबलू पिता काशीराम ठाकुर 39 वर्ष निवासी नकटुआ बैठे हुए थे।

वहीं मौके पर से एक आरोपी शैलेन्द्र पटेल भाग गया। वाहन की जांच में अंदर 45 पेटी अवैध देशी शराब मिली। वाहन से 2250 पाव यानि 405 बल्क लीटर शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया है।

एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाषचंद्र बघेल, उनि लालमोहन सिंह दीवान, सउनि शिशुपाल चौधरी, प्रधान आरक्षक शेख मंजूर, वरिष्ठ आरक्षक अमित यादव, आरक्षक सुदीप ठाकुर, अभिषेक पटेल, रिषभ दास ने कार्रवाई की।

यह कैसी व्यवस्था...

वर्षों से एक ही जगह तैनाती, चंद चेहरों के हवाले पुलिस का नेटवर्क

गाडरवारा, देशबन्धु। पुलिस के थाने चंद चेहरे चला रहे हैं। सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन हकीकत तो यही है। क्योंकि शहर के थानों में कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो सालों से एक ही जगह तैनात हैं। कभी किसी शिकायत के बाद इनके थाने बदले या फिर इन्हें लाइन भेजा गया, लेकिन लौटकर उन्हीं थानों में पहुंच गए, जहां पूरा सिस्टम इनके मन माफिक चलता है।

इनके थाने बदल दिए जाएं तो दूसरे थाने में नौकरी करने की बजाय या तो छुट्टी पर जाते हैं या फिर एढ़ी-चोटी का जोर अपनी वापसी में लगाते हैं। कमाल की बात है- कलम की सख्ती दिखाने वाले अफसर भी दबे-छिपे इनकी वापसी वहीं कर देते हैं, जहां यह चाहते हैं। सालों तक एक ही थाने में तैनाती का यह सिस्टम पुलिसिंग पर भारी पड़ रहा है।

सालों से जमे पुलिसकर्मी अपने हिसाब से नेटवर्क का उपयोग करते हैं और नए पुलिसकर्मियों को टिकने नहीं देते। नतीजतन- थाने के अंदर की आपसी खींचतान में अपराध, सट्टा, जुआ, अवैध शराब, अवैध हथियार, मादक पदार्थों का नेटवर्क फलता-फूलता है। कई पुलिसकर्मी तो ऐसे हैं, जहां सिपाही रहे वहीं बाद में प्रधान आरक्षक, एएसआइ तक बनकर पहुंच गए। कुछ पुलिसकर्मी चुनिंदा थानों में ही अदला-बदली करते रहते हैं।

मुख्यालय का यह है, आदेश - किसी भी एक थाने में किसी कर्मचारी को एक पद पर पदस्थापना 4 वर्ष से अधिक नहीं दी जाएगी। यह तक की किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को यह अवधि पूर्ण होने पर पुन- उसी थाने में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

राजस्व मामले में मृतक के नाम पर हुई सुनवाई, आया फैसला

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिवस राजस्व विभाग का एक ऐसा ही गजब का मामला सामने आया है, जहां तहसील में एक मृत व्यक्ति के नाम से आवेदन आया है। आवेदन पर तहसील में सुनवाई भी हो जाती है. यहां तक भी ठीक था लेकिन आगे मामले में फैसला भी आ जाता है।

मामले में फैसला आने के बाद मृतक का चचेरा भाई सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। मृतक का भाई अब कलेक्टर कार्यालय से लेकर राजस्व के आला अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।

पैर से विकलांग देवेंद्र कौरव का कहना है कि उसके चचेरे चंद्रभान सिंह की मौत 2021 में हो गई थी, जिसकी मौत का प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत कजरोटा ने जारी भी कर दिया था. लेकिन उसकी मौत के बाद 2022 में मृतक चंद्रभान सिंह कौरव के नाम से गाडरवारा तहसील कार्यालय में केस की सुनवाई होती है और नक्शा दुरुस्ती का आदेश जारी कर दिया जाता है। इस बारे में जब पीड़ित देवेंद्र को जानकारी मिली तो उसके पैरों के तले से जमीन खिसक गई और हक्का बक्का रह गया। उनका कहना है कि जब मेरे भाई की मौत 2021 में हो गई तो उनके नाम से आवेदन कैसे लग सकता है। इसकी शिकायत पीड़ित ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर की है, वहीं पूरे मामले को लेकर तहसीलदार अनु जैन ने पूरी गलती लोक सेवा कार्यालय की बताई। उन्होंने कहा कि लोक सेवा कार्यालय से यह आवेदन हमारे यहां आया था जिस पर हमने सुनवाई की।

सार-समाचार

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री 26 को रहेंगे प्रवास पर

गाडरवारा, देशबन्धु। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 26 अक्टूबर को क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह 26 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा के पंचायत भवन का लोकार्पण व उप स्वास्थ्य केनद्र भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर एक बजे ग्राम रायपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र व दोपहर दो बजे ग्राम कोठिया एवं घोघरा में सड़क का भूमिपूजन करेंगे। मंत्री श्री सिंह अपरान्ह 3 बजे ग्राम रातीकरार में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सायं 4 बजे ग्राम पुआरिया में ग्रामवासियों से संवाद करेंगे। तदुपरांत मंत्री सायं 5 बजे ग्राम चारगांव में श्री नंदकिशोर पटेल के निवास पर ग्रामवासियों से संवाद करेंगे। इसके बाद वे रात्रि 8 बजे एमआईएमटी महाविद्यालय नरसिंहपुर में रोटरी क्लब नरसिंहपुर द्वारा आयोजित शरदोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

घटिया निर्माण की गवाही दे रही जहां तहां से उखड़ी सड़क

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय प्रतिभा कालोनी आजाद वार्ड में विगत 1 महीने पहले सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ था लेकिन विडंबना की बात है की आज 1 महीने बाद ही सड़क की स्थिति यह की की जगह जगह से सीमेंट गिट्टी निकल रही है। विगत सुबह सड़क पर सीमेंट का घोल डालकर घटिया निर्माण पर पर्दा डाला जा रहा है। वह भी सही तरीके से नहीं डाला जा रहा है। कॉलोनी के निवासियों ने उच्च अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वह एक बार स्वयं रोड का निरीक्षण करे एवं जिस ठेकेदार द्वारा यह सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाए।

विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा नारी शक्ति का किया गया सम्मान

गाडरवारा, देशबन्धु। विश्व हिन्दू परिषद् मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा रानी अहिल्या बाई होलकर की जन्म शताब्दी वर्ष में नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रमुख रुप से प्रोफेसर संगीता गुप्ता, शिक्षक रश्मि परासर, विहिप नगर अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, सुरेन्द्र साहू, उदय प्राप्त सिंह कौरव की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। मंचासीन अतिथियों द्वारा भारतमाता एवं रानी अहिल्याबाई होलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर आयोजन की शुरुआत की।अतिथियों द्वारा नगर की बेटियों द्वारा समाज के बीच नारी शसक्तीकरण पर जो काम किया जा रहा है उसकी सराहना करते हुए विगत वर्ष में नगर में आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में प्रमुख रुप से सेवा देने वाली संस्था आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था की नारी शक्ति को सम्मान पत्र देते हुए सम्मानित किया गया।

नहीं रहे हरदिल अजीज देवेंद्र शर्मा पंडा

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र शर्मा पंडा जी का हृदयाघात के चलते लगभग 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे झिरना रोड नरसिंहपुर स्थित किराए के मकान में अकेले निवास करते थे। शुक्रवार की सुबह वे

यहां मृतावस्था में पाए गए तो लोगों को इसका पता चला। वे मूल रूप से गाडरवारा क्षेत्र के ग्राम नयेगांव (बोहानी) के निवासी थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों व परिचितों ने उनके शव को गृह ग्राम नयेगांव रवाना कराया। जहां परिजनों, ग्रामीणों व पत्रकारों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

जीवंत रहेंगी स्मृतियां - अंत्येष्ठी उपरांत ग्राम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जिसमें पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, मिनेंद्र डागा एवं नीलेश जाट ने अपने विचार रखे। उन्होंने श्री शर्मा के निधन को जिले के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि हमने एक मिलनसार व जिंदादिल इंसान को खो दिया है। उनकी स्मृतियां सभी के हृदयपटल पर सदैव जीवंत रहेंगी। उल्लेखनीय हे है कि पत्रकारिता एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों से उन्होंने जिले में एक विशिष्ट छवि बनाई थी। सभी ने उनके निधन को सार्वजनिक क्षति बताया।

देवेंद्र पंडा को दी श्रद्धांजलि

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव नगर के अधिमान्य पत्रकार शरद नेमा ने देवेंद्र शर्मा पंडा जी के असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की हैं।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज* जनता की आवाज*ग्रुप के संस्थापक एवं ग्रुप एडमिन वरिष्ठ पत्रकार श्रद्धेय पंडित देवेंद्र शर्मा उर्फ पंडा जी का हम सब के बीच से असमय चला जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है हम सभी जिले वासियों के पत्रकारों को पंडित जी के समय जाने से बेहद क्षति हुई है परमपिता परमात्मा से अपने इस दिव्य महान विभूति पत्रकार को अपने श्री चरणों में लेने की प्रार्थना करते हैं ओम शांति शांति। जनता की आवाज इस समय सदा सदा के लिए खामोश हो गई है चिर निद्रा में लीन स्वर्गीय पंडा जी को शत-शत नमन करते हुए उनको हम वंदन और नमन करते हैं अपनी ओर से आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं उनके परिवार को इस गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से करते हैं।

थैले में रखे 40 हजार नकद चेक व पासबुक चोरी

पीड़ित ने पुलिस थाना में की लिखित शिकायत

नरसिंहपुर, देशबन्धु। करेली थाना अंतर्गत दिन दहाड़े चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण के थैले में रखे 40 हजार नकद, चेक एवं पासबुक को अज्ञात चोर ले गए। हालांकि घटना सीसीटीवी में कैद हुई है, जिसके बाद पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी है। मामले में पीड़ित महगुंवा निवासी किसान मनोहर सिंह पिता हेमराज कौरव ने बताया कि दोपहर करीब 3.30 बजे बैंक ऑफ इंडिया करेली शाखा से 40 रुपए निकाले थे। जिसके बाद अपने काम निपटाते हुए वह दो घंटे बाद 5.30 बजे मोबाइल दुकान पर पहुंचा।

यहां से जब मोटर साइकिल में चाबी लगाई लेकिन लॉक नहीं खुल रहा था। लॉक में किसी ने फेवीक्विक डाल दिया था। इसे सुधरवाने के लिए वह मैकेनिक की दुकान पर गया, तो किसी ने शर्ट पर टोमेटो सॉस डाल दिया। जिसे साफ करने लगा इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर गाड़ी में टंगा थैला पार कर दिया। जिसमें 4 पासबुक एवं 1 चेक हस्ताक्षर वाला एवं 1 चेक की चेक बुक रखी थी। घटना के बाद किसान ने करेली थाना में लिखित शिकायत दी है।

महिला महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक

नरसिंहपुर, देशबन्धु। अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षकों,कर्मचारियों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न माध्यमों से महाविद्यालय की जन भागीदारी आय में बढ़ोतरी करने, आगामी दीपावली पर्व पर मिलन अथवा प्रबुद्ध जनों की सभा जैसे सुझाव दिये गये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के लिए फर्नीचर की व्यवस्था करने के लिए भी सहमति

समिति द्वारा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर हुई चर्चा

जताई। नगर पालिका नरसिंहपुर को महाविद्यालय में नाली की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिये। जनभागीदारी समिति सदस्य राकेश जैन ने छात्राओं की जनभागीदारी फीस एक वर्ष नहीं बढ़ाने की बात रखी और इस अतिरिक्त खर्च का भार उनके द्वारा स्वयं उठाने का वचन दिया। बैठक में छात्राओं को महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के लिए अलग-अलग प्रयास करने पर भी चर्चा की गई, जिसमें पूर्व छात्राओं की सफलता की कहानी को बताना एवं प्लेसमेंट की व्यवस्था को बेहतर बनाना। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा ने महाविद्यालय की स्थिति में आए परिवर्तन एवं अधोसंरचना में आए सुधार की स्थिति से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एमपी श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या कोठारी, श्रीमती सुषमा तिवारी, विक्रांत पटेल, अमित भारद्वाज, राकेश जैन, महाविद्यालय से डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, सत्यव्रत कारनायक, महेश चौधरी, प्रतीक नेमा, प्रीति जैन, समिति के अन्य सदस्य और भारती कोठारी व सुभ्रता शर्मा मौजूद थे। बैठक का संचालन जन भागीदारी समिति संयोजक डॉ. यतींद्र महोबे व आभार डॉ. दीपिका चक्रवर्ती ने व्यक्त किया।

डाइट टीम ने किया शालाओं का अवलोकन

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम शाहपुर, विजनपुर, भेंरोपुर, निभोरा, बरखेड़ा एवं सिल्हेटी की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का अवलोकन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की टीम ने किया। टीम में शामिल व्याख्याता संजय शर्मा एवं शैलेश वर्मा ने स्कूलों में परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024, एफएलएन अभ्यास पुस्तिकाओं एवं ओलम्पियाड की तैयारियो को देखा एवं जरुरी निर्देश दिए।

क्लस्टर लेवल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

करेली, देशबन्धु। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में 25 अक्टूबर को सी.बी.एस.ई सहोदय स्कूल करेली क्लस्टर लेवल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिसमें कार्मेल स्कूल करेली , राव रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल राजमार्ग, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल खुलरी, रेवाश्री पब्लिक स्कूल करेली, प्रेम देवी खरया स्कूल करेली, दक्ष इंटरनेशनल स्कूल आमगांव आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 60 मीटर, 100 मी., 200 मी. दौड़ का आयोजन हुआ।

60 मी. छात्रों की दौड़ में दक्ष इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम एवं छात्राओं की दौड़ में राव रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी. छात्र एवं छात्राओं दोनों वर्गों की दौड़ में कार्मेल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मी. छात्रों की दौड़ में राव रुक्मिणी देवी स्कूल ने प्रथम एवं छात्राओं की दौड़ में प्रेमा देवी खरया स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस एथलीट प्रतियोगिता में तुलसी सक्सेना (प्राचार्या रेवाश्री पब्लिक स्कूल) एवं उमा द्विवेदी (उपप्राचार्या राव रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल) का आगमन हुआ।

प्राचार्य फादर वर्गिस ने अपने उद्बोधन में पधारे हुए सभी शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व को दर्शाया। इस प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक संचालन में क्रीड़ा शिक्षक अनिमेष शर्मा, नीतू श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

जनप्रनिधियों ने फसलों में संतुलित उर्वरक के उपयोग की ली शपथ

जिला पंचायत की साधारण सभा बैठक आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान अवगत कराया कि जिले में यूरिया, एसएसपी एवं एनपीके व पोटास पर्याप्त मात्रा में भण्डारित है डीएपी के विकल्प के रूप में यूरिया, एसएसपी एवं एनपीके के उपयोग करने की सलाह दी गई। इस दौरान बैठक में मौजूद जनप्रनिधियों ने फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग की शपथ ली। बैठक में उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि डीएपी के बेहतर विकल्प के रूप में एनपीके उर्वरक है। उन्होंने जिले के किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में मिश्रित उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा

कि मिश्रित उर्वरकों से गेहूं फसल के उत्पादन में वृद्धि होगी। रबी की मुख्य फसल गेहूं में मुख्यत: नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश पौधों के लिए मुख्य पोषक तत्व हैं, जो कि गेहूं फसल की वृद्धि एवं अधिक उत्पादन के लिए आवश्यक है। गेहूं फसल में सिंचित दशा नाइट्रोजन 120 किग्रा प्रति हेक्टेयर, फास्फोरस 60 किग्रा एवं पोटाश 40 किग्रा प्रति हेक्टेयर के मान से आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति कृषकगण डीएपी उर्वरकों के अलावा कई विकल्पों के माध्यम से कर सकते हैं। इसके साथ ही किसानों से खरीफ फसलों की कटाई उपरांत नरवाई नहीं जलाने की अपील की गई। कृषक नरवाई में आग न लगाकर उन्नत कृषि यन्त्रों सुपरसीडर/ हैप्पीअसीडर (बिना जुताई के) का प्रयोग करके अपने खेतो में नरवाई प्रबंधन कर सकते हैं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता पटेल, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सीताराम नामदेव, डॉ. योगेश कौरव, अरविंद पटेल, रिचा स्थापक, धनंजय पटैल, लक्ष्मी वीरेन्द्र पटेल मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने आमजनों की समस्याओं का किया निराकरण

शिविर में 27 आवेदकों का हुआ त्वरित निराकरण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले के पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका अभिनव पहल, आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों निवारण हेतु अनुभाग स्तर पर आयोजित किया जावेगा शिकायत निवारण शिविर, तेन्दूखेडा में आयोजित शिविर में 27 शिकायतों के दोनों पक्षों को सुना किया गया शिकायतों का निराकरण।

27 शिकायतों का किया गया निराकरण - 23 अक्टूबर को तेन्दूखेडा में आयोजित शिविर में थाना तेन्दूखेडा, सुआतला एवं पलोहा क्षेत्र की कुल 27 शिकायतों में 65-70 आवेदक एवं अनावेदक उपस्थित हुए जिन्हे पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा स्वयं सुना जाकर 7 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया एवं अन्य शिकायतें जमीनी विवाद एवं आपसी झगडे की होने से दोनों पक्षों को समझाईस देकर शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए है। तेन्दूखेडा में आयोजित शिविर में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा पारिवारिक विवाद से संबंधित 4 शिकायतों को माननीय न्यायालय द्वारा तैयार कराए गए प्रोफार्मा के साथ संलग्न कर माननीय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला नरसिंहपुर की ओर प्रेषित किया गया है।

शरदोत्सव का आयोजन आज, रोटरी क्लब एवं एमआईएमटी गर्ल्स विंग का आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शरद ऋतु के आगाज के साथ माँ दुर्गा की आराधना भारतीय संस्कृति की प्राचीन परम्परा रही है। हमारे देश के विभिन्न अंचलों में लोक शैली पर आधारित गरबा डांडिया समूह नृत्य शरदोत्सव का एक महत्वपूर्ण आयाम है। इन्हीं भावनाओं को आत्मसात करते हुए एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में विगत अनेक वर्षों से शरदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी एवं एम.आई.एम.टी. गर्ल्स विंग के संयुक्त तत्वाधान में 26 अक्टूबर दिन शनिवार को शाम 6: बजे से एम.आई.एम.टी कॉलेज परिसर में शरदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रहलाद पटेल, कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। पूर्ण रूप से महिलाओं के लिए आयोजित उक्त कार्यक्रम में गरबा डांडिया नृत्य, छात्राओं द्वारा संचालित लजीज व्यंजनों के स्टाल तथा मातृशक्ति के लिए मेहंदी का आयोजन प्रमुख आकर्षण के केन्द्र होगें। एम.आई.एम.टी गर्ल्स विंग ने नगर के विभिन्न महिला संगठनों से गरबा डांडिया में मनमोहक प्रस्तुति दी।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

सनात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए